दैनिक भास्कर 21 जनवरी 1998

राजस्थान के पहले एक लाख उपभोक्ताओं को गैस सिलेन्डर मुफ़्त

भारत सरकार की उदारनीति के अंतर्गत कम्पनी ने राजस्थान के एक लाख उपभोक्ताओं को बारह किलोग्राम के सिलेन्डर मुफ्त देने की योजना तैयार की है। यह योजना केवल उन उपभोक्ताओं के लिए है, जिनके पास किसी भी सरकारी अथवा गैर सरकारी कम्पनी का गैस कनेक्शन नहीं है।

योजना : उपभोक्ता अपने नज़दीकी ''हिन्द गैस'' के वितरक के पास रजिस्ट्रेशन हेतु कम्पनी व्दारा निर्धारित फार्म पर आवेदन करेंगे। आवेदन -पत्र के साथ राशन कार्ड अथवा परिचय -पत्र की फोटो कॉपी जमा करनी अनिवार्य होगी।

उपभोक्ताओं को गैस सिलेन्डर के लिए कोई सिक्योरिटी डिपोजिट अथवा अमानत धनराशि नहीं देनी होगी क्योंकि कम्पनी गैस सिलेन्डर मुफ्त दे रही है।

उपभोक्ता कम्पनी के व्दारा निर्धारित, गैस तथा गैस उपकरणों की कीमत देकर गैस सिलेन्डर प्राप्त कर सकेंगे।

उपरोक्त योजना को साकार करने के लिए कम्पनी व्दारा प्रत्येक जिला स्तर, तहसील, ब्लॉक अथवा ५००० से अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में वितरक उपवितरक नियुक्त करने हेतु आवेदनपत्र आमंत्रित किये जा रहे है।

वितरकों की श्रेणी : कम्पनी व्दारा तीन वितरण प्रणाली का प्रावधान किया गया है :-

अ. जिला वितरक
ब. तहसील वितरक
स. ब्लॉक अथवा ५००० की आबादी वाले नगर

सप्लाई की व्यवस्था : कम्पनी के विभिन्न बॉटलिंग प्लांटों से जिला वितरक के यहाँ सप्लाई भेजी जायेगी। तथा जिला - वितरक के माध्यम से तहसील- वितरक से ब्लॉक एवं ५००० की आबादी वाले नगरों में सप्लाई की व्यवस्था की जायेगी।

वितरकों के लिए अनिवार्य अर्हताएं:

अ. जिला के मुख्य वितरक के पास माल उठाने आदि हेतु एक लाख रूपये तथा सिलेन्डर रखने के लिए गोदाम की व्यवस्था होनी चाहिए अथवा तीन माह के अंदर कर सकें।

ब. तहसील के मुख्य वितरक के पास सिलेन्डर रखने की जगह तथा ५०,००० रूपये माल उठाने आदि के लिए हो या व्यवस्था कर सकें।

स. ब्लॉक एवं ५००० से अधिक आबादी वाले उपवितरक के पास अपनी दूकान तथा माल उठाने आदि के लिए २५,००० रूपये हों या व्यवस्था कर सकें।

आवेदन कैसे करें : अपने आवेदन-पत्र के साथ जिला के मुख्य वितरक के आवेदन हेतु ५०० रूपये तथा, तहसील के मुख्य वितरक के आवेदन हेतु ३०० रूपये एवं ब्लॉक स्तर व छोटे कस्बों एवं ५००० से अधिक आबादी वाले नगरों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर उपवितरक आवेदन हेतु २०० रूपये का आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय) हिन्दुस्तान डोमेस्टिक ऑइल एण्ड गैस कम्पनी (बम्बई) लिमिटेड के नाम से जारी तथा मुंबई में देय रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के ज़रिये रजिस्टर्ड डाक से इस विज्ञापन के छपने की तारीख से एक सप्ताह के भीतर भेजना होगा।

नियम तथा शर्तें :

१. प्रत्येक आवेदन-पत्र के लिफाफे पर '' एल पी जी गैस एजेंसी हेतु आवेदन'' शीर्षांकित एवं लिफाफा मुहर बन्द होना चाहिए।
२. अन्य नियम-शर्तें कंपनी के नियम के अनुसार ही होंगी।
३. कम्पनी के पास किसी एक अथवा सभी आवेदन-पत्रों को बिना किसी कारण को बताते हुए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

RATING CERTIFICATE
Rating Agency CARE
Rating Awarded SATISFACTORY (2)
AWARDED

महाप्रबन्धक,
हिन्दुस्तान डोमेस्टिक ऑइल अॅन्ड गॅस कंपनी (बॉम्बे) लिमिटेड,
एच/११, एवरेस्ट - १५६, ताडदेव रोड, मुंबई -४०० ०३४

हमारा लक्ष्य घर घर में गैस कनेक्शन